भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.06.2024

# आरेडिका में स्काउट एवं गाइड जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

उत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला एमसीएफ रायबरेली इकाई द्वारा सरस्वती ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता नृत्य का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि जिला मुख्य जिला आयुक्त एवं मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक आर के एम पासी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 80 कब बुलबुल स्काउट गाइड रेंजर एवं लीडर्स ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी के कुशल मार्गदर्शन में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न स्काउट गतिविधियों की वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य जिला आयुक्त द्वारा शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

प्रतियोगिता में जिला आयुक्त एव उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक एनके वर्मा, सहायक जिला आयुक्त एवं जनसम्पर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, जिला आयुक्त गाइड एवं एएफए सुहारिता खान आदि ने मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया।

पासी द्वारा सभी स्काउट एवं गाइड को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई।

एनके वर्मा, जिला आयुक्त द्वारा सबको धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला सचिव आदित्य प्रकाश, जिला संगठन आयुक्त गाइड सबीना बानो, जिला संगठन आयुक्त स्काउट दीपक कुमार समेत लगभग 15 लीडरों के द्वारा शुभेच्छा के साथ मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी को विदा किया गया।

29.6.2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी